# न्यायालय जिला कलक्टर अलवर (राजस्थान)

| प्रा.पत्र संख्या | रजि0 नम्बर | प्रवेश तिथि | निर्णय दिनांक |
|---|---|---|---|
| 15/136/2022 | 2022/200 | 26.04.2022 | 13.06.2022 |

**–उनवान–**

1. महेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र स्व0 दुर्गाप्रसाद शर्मा पौत्र गोवर्धन लाल
2. योगेन्द्र शर्मा पुत्र स्व0 दुर्गाप्रसाद शर्मा पौत्र गोवर्धन लाल जाति ब्राह्मण निवासी ग्राम माजरी कला तहसील नीमराना जिला अलवर हाल आबाद 106/113 अशोक मार्ग विजय पथ मानसरोवर जयपुर राज0 जरिये मुख्तयारआम रणसिंह पुत्र श्रीराम जाति अहीर निवासी ग्राम माजरी कला तहसील नीमराना जिला अलवर राज0।

–प्रार्थीगण

**बनाम**

1. बलजीन्द्र पुत्र भगवान
2. ओमप्रकाश पुत्र भगवान
3. सुदर्शन पुत्र भगवान
4. महेश पुत्र भगवान
5. रामदुलारी पुत्री भगवान
6. बिमला पत्नी चोखराज
7. अश्वनी पुत्र चोखराज
8. बिमला देवी पत्नी स्व0 अनिल
9. हर्ष पुत्र स्व0 अनिल
10. शिवानी पुत्री स्व0 अनिल
11. गिन्दोडी पत्नी जवाहर
12. मुकेश पुत्र जवाहर
13. बिरजू पुत्र जवाहर
14. रोशन पुत्र जवाहर
15. शीला पुत्री जवाहर
16. मेवा पत्नी संतलाल उर्फ शान्ति प्रकाश
17. सुनील पुत्र संतलाल उर्फ शान्ति प्रकाश
18. ममता पुत्री संतलाल उर्फ शान्ति प्रकाश
19. पुष्पा पुत्री संतलाल उर्फ शान्ति प्रकाश
20. सुशीला पत्नी अशोक
21. मोहित पुत्र अशोक
22. तमन्ना पुत्री अशोक
23. खुशबू पुत्री अशोक
24. श्रवण देवी बेवा सोहन जाति ब्राह्मण निवासी ग्राम माजरीकला तहसील नीमराना जिला अलवर राज0 हाल आबाद मकान नम्बर 77–ए वार्ड नम्बर 8 लक्ष्मणदास मोगा वाली गली एकता नगरी डब्बावाली जिला सिरसा हरियाणा।
25. उप पंजीयक नीमराना जिला अलवर राज0।
26. राज0 सरकार जरिये जिला कलेक्टर अलवर
27. लैण्ड होल्डर जरिये तहसीलदार नीमराना जिला अलवर।
28. योगेन्द्र सिंह पुत्र छोटे लाल यादव जाति अहीर निवासी ग्राम माजरी कला तहसील नीमराना जिला अलवर राज0।
29. दीपक कुमार पुत्र विनोद भाटिया जाति पंजाबी निवासी बी–6 फ्लैट नम्बर 89 सैक्टर 4 रोहिणी दिल्ली –85
30. मुकुट चौधरी, आरएएस, उपखण्ड अधिकारी नीमराना जिला अलवर राज0।

–असल अप्रार्थीगण

जिला कलक्टर
अलवर

31. कैलाशचंद पुत्र स्व0 बाबूलाल जाति ब्राह्मण निवासी ग्राम माजरी कला तहसील नीमराना जिला अलवर राज0।
32. सुरेश पुत्र स्व0 बाबूलाल जाति ब्राह्मण निवासी ग्राम माजरी कला तहसील नीमराना जिला अलवर राज0।
33. शकुन्तला देवी पत्नी स्व0 बाबूलाल जाति ब्राह्मण निवासी ग्राम माजरी कला तहसील नीमराना जिला अलवर राज0।
34. मंजू देवी पुत्री स्व0 बाबूलाल जाति ब्राह्मण निवासी ग्राम माजरी कला तहसील नीमराना जिला अलवर राज0।
35. श्रीमति सुशीला देवी पत्नी स्व0 मुकुट बिहारी लाल जाति ब्राह्मण निवासी ग्राम माजरी कला तहसील नीमराना जिला अलवर राज0।
36. अरविन्द पुत्र स्व0 मुकुट बिहारी लाल जाति ब्राह्मण निवासी ग्राम माजरी कला तहसील नीमराना जिला अलवर राज0।
37. विशाखा पत्नी मूलचंद पुत्र गोवर्धन जाति ब्राह्मण निवासी ग्राम माजरी कला तहसील नीमराना जिला अलवर राज0।
38. विरेन्द्र पुत्र मूलचन्द पुत्र गोवर्धन जाति ब्राह्मण निवासी ग्राम माजरी कला तहसील नीमराना जिला अलवर राज0।
39. टीन्नू पुत्र मूलचंद पुत्र गोवर्धन जाति ब्राह्मण निवासी ग्राम माजरी कला तहसील नीमराना जिला अलवर राज0।
40. मनोज पुत्र मूलचंद पुत्र गोवर्धन जाति ब्राह्मण निवासी ग्राम माजरी कला तहसील नीमराना जिला अलवर राज0।
41. रज्जी पुत्र मूलचंद पुत्र गोवर्धन जाति ब्राह्मण निवासी ग्राम माजरी कला तहसील नीमराना जिला अलवर राज0।
42. इन्द्रा पुत्री मूलचंद पुत्र गोवर्धन जाति ब्राह्मण निवासी ग्राम माजरी कला तहसील नीमराना जिला अलवर राज0।
43. विजय पुत्री मूलचंद पुत्र गोवर्धन जाति ब्राह्मण निवासी ग्राम माजरी कला तहसील नीमराना जिला अलवर राज0।
44. कपिल पुत्र राधेश्याम पुत्र गोवर्धन जाति ब्राह्मण निवासी ग्राम माजरी कला तहसील नीमराना जिला अलवर राज0।
45. कमल पुत्र राधेश्याम पुत्र गोवर्धन जाति ब्राह्मण निवासी ग्राम माजरी कला तहसील नीमराना जिला अलवर राज0।
46. ऋषि पुत्र राधेश्याम पुत्र गोवर्धन जाति ब्राह्मण निवासी ग्राम माजरी कला तहसील नीमराना जिला अलवर राज0।
47. सेनू पुत्र राधेश्याम पुत्र गोवर्धन जाति ब्राह्मण निवासी ग्राम माजरी कला तहसील नीमराना जिला अलवर राज0।

**—तरतीबी अप्रार्थीगण**

## प्रार्थना पत्र मुन्तकिल

उपस्थितः—

**01. श्री अशोक कुमार मुदगल** —वकील प्रार्थीगण

**02. श्री मनीष कुमावत** —वकील अप्रार्थी सं0 28

## —:: निर्णय ::—

प्रार्थी ने यह प्रार्थना पत्र मुन्तकिल पेश कर उपखण्ड अधिकारी नीमराना के न्यायालय में विचाराधीन वाद उनवान दुर्गाप्रसाद बनाम बलजीन्द्र वगै0 को किसी दीगर न्यायालय में मुन्तकिल किये जाने का निवेदन किया है। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थीगण को नोटिस जारी कर तलब किया गया।

जिला कलक्टर
अलवर

विद्वान वकील प्रार्थी के द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र मुंतकिल के सूक्ष्म तथ्य इस प्रकार है कि अधीनस्थ न्यायालय में वाद दुर्गाप्रसाद बनाम बलजीन्द्र वगै0 प्रकरण सं0 133/2018 विचाराधीन है। जिसमें पेशी दिनांक 27.04.2020 नियत है। अप्रार्थी सं0 28 व 29 द्वारा अधीनस्थ न्यायालय में प्रा0पत्र आदेश 07 नियम 11 सिविल प्रकिया संहिता एवं प्रार्थीगण की ओर से प्रा0पत्र आदेश 22 नियम 3 व 4 एवं आदेश 01 नियम 10 सिविल प्रकिया संहिता पेश किये। जिन पर सुनवाई होनी है। पीठासीन अधिकारी प्रार्थीगण की ओर से पेशकर्दा उक्त प्रा0पत्र मरम्मत सवाल पर सुनवाई नहीं करके अप्रार्थी सं0 28 व 29 द्वारा पेशकर्दा उक्त प्रा0पत्र पर दावा खारिज करने की कोशिश में है। पीठासीन अधिकारी द्वारा विधिक प्रावधानों के अनुसार कार्यवाही नहीं की जा रही है तथा विगत पेशी पर ऐलानिया तौर पर कहा है कि आगामी पेशी पर आवश्यक रूप से सुनकर फैसला कर दूंगा तुम्हारा प्रकरण में कोई लेना देना नहीं है तथा मेरे उपर विधायक महो0 का दबाव है तथा पीठासीन अधिकारी द्वारा ऐन केन प्रकरण का फैसला अप्रार्थी सं0 1 लगा0 24 के हक में करने की दशहत व धमकी प्रार्थीगण को दी गयी है। यदि कोई फैसला होता है तो प्रार्थीगण को नापूर्ति होन वाली क्षति होगी। अप्रार्थी सं0 1 लगा0 24 व 28, 29 ने पीठासीन अधिकारी से साठगांठ कर रखी है। जिनको पीठासीन अधिकारी के चैम्बर में आते जाते अपनी आखों से देखा है उनसे बातचीत करते देखा है। उक्त अप्रार्थीगण द्वारा कई बार अदालत परिसर व गांव में प्रार्थीगण से ऐलानिया तौर पर कहा गया है कि पीठासीन अधिकारी से बातचीत हो चुकी है और आगामी पेशी को अपने पक्ष में निर्णय करा लेंगे। जो निष्पक्ष न्याय में बाधा पैदा कर रहे है। अतः प्रार्थीगण का प्रा0पत्र मुंतकिल स्वीकार फरमाया जाकर अधीनस्थ न्यायालय में विचाराधीन पत्रावली को किसी दीगर न्यायालय में मुंतकिल फरमाया जावें।

विद्वान वकील अप्रार्थी सं0 28 ने अपनी बहस में निवेदन किया है कि विवादित आराजी बाबत विक्रेतागण ने अप्रार्थी सं0 28 को व अप्रार्थी सं0 29 को जरिये इकरारनामा दिनांक 25.05.2018 को बेचान किया। मुंतकिल प्रा0पत्र प्रार्थी की ओर से मुख्तयारआम रणसिंह द्वारा पेश किया गया है जबकि दावा अप्रार्थी सं0 28 व 29 के पिता द्वारा पेश किया गया है। रणसिंह खुद भूमाफिया है तथा वह विवादित आराजी को जबरन हडपना चाहता है। उनके विरूद्ध अप्रार्थी सं0 28 ने थाना नीमराना में एफआईआर दर्ज कराई। जिसमें चार्जशीट पेश की गयी है। प्रार्थीगण द्वारा पेश मुंतकिल प्रा0पत्र में अंकित तथ्य बेबुनियाद, झूठे एवं मनगढंत है। पीठासीन अधिकारी द्वारा विचाराधीन प्रकरण में नजदीक–नजदीक तारीख दी जाकर प्रदत्त नियमों के तहत विधिवत् सुनवाई की जा रही है। अप्रार्थी सं0 28 का स्थानीय नेताओं से कोई लेना–देना नहीं है और ना ही न्यायालय की कार्यवाही को प्रभावित किया जा रहा है। अतः प्रार्थीगण का मुन्तकिल प्रा0पत्र खारिज फरमाया जावें।

उपखण्ड अधिकारी नीमराना द्वारा अपने जवाब में निवेदन किया कि उक्त उनवानी प्रकरण में प्रा0पत्र आदेश 07 नियम 11 जा0दी0 दिनांक 28.08.2019 में पेश किया गया। जिसमें जवाब दिनांक 29.09.2019 को पेश किया जा चुका है। पत्रावली वर्तमान में प्रा0पत्र आदेश 07 नियम 11 जा.दी0 की बहस में विचाराधीन है। प्रार्थीगण द्वारा विलम्ब करने हेतु प्रा0पत्र मुन्तकिल पेश किया गया है। फिर भी प्रकरण को किसी अन्य न्यायालय में मुन्तकिल किया जाता है तो इस न्यायालय को कोई आपत्ति नहीं है।

हमने पत्रावली का अवलोकन किया। प्रार्थीगण द्वारा पेश समस्त दस्तावेजात् का अवलोकन किया। अधीनस्थ न्यायालय में प्रकरण प्रा0पत्र आदेश 07 नियम 11 जा0दी0 की बहस में नियत है। पत्रावली के अवलोकन से स्पष्ट है कि प्रार्थीगण अधीनस्थ न्यायालय के पीठासीन अधिकारी पर न्याय की उम्मीद नहीं होने के कारण प्रा0पत्र मुन्तकिल पेश किया गया है। अधीनस्थ न्यायालय द्वारा भी अपनी टिप्पणी में प्रकरण को अन्य न्यायालय में मुन्तकिल करने हेतु अनापत्ति जाहिर की है। प्रा0पत्र मुंतकिल स्वीकार किये जाने योग्य है।

अतः उक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना–पत्र मुंतकिल स्वीकार किया जाता है। न्यायालय उपखण्ड अधिकारी नीमराना में विचाराधीन प्रकरण उनवान दुर्गाप्रसाद बनाम बलजीन्द्र वगै0 को न्यायालय उपखण्ड मुण्डावर में मुन्तकिल किया जाता है। उपखण्ड अधिकारी नीमराना को निर्देशित किया जाता है कि उक्त पत्रावली न्यायालय उपखण्ड अधिकारी मुण्डावर को भिजवाया

जाना सुनिश्चित करें। उपखण्ड अधिकारी मुण्डावर प्रकरण में नियमानुसार सुनवाई कर प्रकरण का विधिवत निस्तारण करें।

निर्णय प्रति उपखण्ड अधिकारी नीमराना व उपखण्ड अधिकारी मुण्डावर को पालनार्थ भिजवाई जावे। इस न्यायालय की पत्रावली नम्बर से कम होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

**निर्णय आज दिनांक 13.06..2022 को अद्योहस्तारकर्ता द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।**

(शिव प्रसाद नकाते)
जिला कलक्टर अलवर
(राजस्थान)